**जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में दिनांक 12 अगस्त, 2025 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सम्पादित कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा के सम्बन्ध में बैठक का कार्यवृत्त।**

नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या– 95 / छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल / 2010 टी0सी0–अ दिनांक– 21.01.2020 के द्वारा जिला पेयजल स्वच्छता मिशन का गठन किया गया था। गठित समिति की बैठक दिनांक 12 अगस्त, 2025 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फर्म मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 एवं मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0 तथा समस्त आई0एस0ए0 / आई0ई0सी0 एजेन्सीज कार्यों के सम्बन्ध में विकास भवन सभागार, प्रतापगढ़ में आहूत की गयी, जिसमें निम्न अधिकारी एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जिलाधिकारी, प्रतापगढ़। | अध्यक्ष |
| 2 | मुख्य विकास अधिकारी, प्रतापगढ़। | सदस्य |
| 3 | जिला विकास अधिकारी, प्रतापगढ़। | सदस्य |
| 4 | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़। | सदस्य |
| 5 | अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिसोर्सस / सिंचाई, प्रतापगढ़। | सदस्य |
| 6 | जिला कृषि अधिकारी, प्रतापगढ़। | सदस्य |
| 7 | जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, प्रतापगढ़। | सदस्य |
| 8 | अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–भगवां चुंगी / रानीगंज / लालगंज / कुण्डा | आमंत्रित सदस्य |
| 9 | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज | आमंत्रित सदस्य |
| 10 | जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रतापगढ़। | आमंत्रित सदस्य |
| 11 | श्री देवाशीष करमाकर, क्लस्टर हेड, मे0 जे0एम0सी0–एल0सी0ई0सी0पी0एल0 (जेवी), 06 तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हायात होटल के सामने सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई। | कार्यदायी संस्था |
| 12 | श्री वेंकटेश, उप महाप्रबन्धक, मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट–भुरथनम कान्स्ट्रक्शन (जेवी), प्लाट नं0– 77, जुबली इन्क्लेव, हाईटेक ऑकेड, मधापुर, हैदराबाद। | कार्यदायी संस्था |
| 13 | जिला समन्वयक, जिला परियोजना निगरानी इकाई, प्रतापगढ़। | अनुश्रवण इकाई |
| 14 | श्री नीरज झा, उप परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, प्रतापगढ़। | टी0पी0आई0ए0 |
| 15 | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रतापगढ़। | सदस्य सचिव |

**बिन्दु संख्या– 1 (जल जीवन मिशन फेज–2 एवं 3 के अन्तर्गत लम्बित विद्युत संयोजन के सम्बन्ध में) –**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0 / यां0), (उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि 175 पेयजल योजनाओं के विद्युत संयोजन हेतु आवेदन किया जा चुका है, जिसके सापेक्ष 143 नग पेयजल योजनाओं पर विद्युत संयोजन हेतु प्राक्कलन प्राप्त हुये है एवं 32 पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन अभी भी लम्बित है। विद्युत विभाग को 92 पेयजल योजनाओं में विद्युत संयोजन किये जाने हेतु धनराशि जमा कर दी गयी है किन्तु मात्र 19 स्थानों पर ही कनेक्शन स्थापित हो पाया है। अधिशासी अभियन्ता (वि0 / यां0) द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि शेष 73 पेयजल योजनाओं पर विद्युत संयोजन हेतु कई योजनाओं पर लगभग 02 वर्ष से लेकर 06 माह तक का समय व्यतीत हो गया है किन्तु अभी तक विद्युत संयोजन का कार्य प्रारम्भ भी नहीं हो पाया है।

Scanned with OKEN Scanner

| विद्युत वितरण खण्ड का नाम | पे0यो0 हेतु विद्युत संयोजन के आवेदन की संख्या | प्राक्कलन प्राप्त | प्राक्कलन लम्बित | संयोजन हेतु धनराशि जमा | विद्युत कनेक्शन पूर्ण | विद्युत कनेक्शन लम्बित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता–प्रथम | 59 | 54 | 5 | 35 | 5 | 30 |
| अधिशासी अभियन्ता–लालगंज | 34 | 21 | 13 | 15 | 5 | 11 |
| अधिशासी अभियन्ता–रानीगंज | 40 | 33 | 7 | 15 | 3 | 12 |
| अधिशासी अभियन्ता–कुण्डा | 42 | 35 | 7 | 27 | 6 | 20 |
| **योग –** | **175** | **143** | **32** | **92** | **19** | **73** |

विद्युत विभाग की धीमी प्रगति के कारण जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं निम्नानुसार निर्देश दिये गये –

(i)- 32 नग योजनायें जहाँ विद्युत संयोजन हेतु आवेदन कर दिया गया है किन्तु प्राक्कलन अप्राप्त है, के सम्बन्ध में समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर लम्बित प्राक्कलन उपलब्ध कराये।

(ii)- 73 नग योजनायें जहाँ विद्युत संयोजन की धनराशि जमा है किन्तु संयोजन लम्बित है, के सम्बन्ध में समस्त अधिशासी अभियनता, विद्युत वितरण खण्ड को निर्देशित किया गया कि 01 माह के अन्दर प्रत्येक दशा में लम्बित संयोजन अधिष्ठापित करायें।

(iii)- ऐसी योजनायें जिसमें पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण है किन्तु विद्युत संयोजन के कारण जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की जा सकी, के सम्बन्ध में 01 सप्ताह का अभियान चलाकर विद्युत संयोजन अधिष्ठापित कराने के निर्देश दिये गये।

(iv)- 08 नग पेयजल योजनायें जिनमें समस्त निर्माण कार्य पूर्ण है किन्तु मात्र मीटर चार्ज न हो पाने के कारण जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की जा सकी, के सम्बन्ध में एक सप्ताह के अन्दर विद्युत विभाग को मीटर चार्ज कराने के निर्देश दिये गये।

उक्त के साथ–साथ यह भी निर्देश दिये गये कि यदि उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जाता है तो सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, प्रतापगढ़ के विरूद्ध कठोर कार्यवाही हेतु पत्र अध्यक्ष, उ0प्र0 पॉवर कारपोरेशन, लखनऊ को प्रेषित कर दिया जायेगा।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, प्रथम/लालगंज/रानीगंज/कुण्डा)**

**<u>बिन्दु संख्या– 2 (जल जीवन मिशन फेज–2 एवं 3 के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मेसर्स पावरमेक एवं मेसर्स जे0एम0सी0 द्वारा पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा के सम्बन्ध में) –</u>**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा जनपद प्रतापगढ़ में दो फर्में क्रमशः मेसर्स कलपतरू प्रोजेक्ट इण्टरनेशनल लि0 (जे0एम0सी0) एवं मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0 को पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु सूचीबद्ध किया गया है।

**<u>अ– सूचीबद्ध फर्म मेसर्स कलपतरू के कार्यों की अद्यतन स्थिति निम्नानुसार है –</u>**

| DWSM Meeting Dated | Schemes Allotted | Revenue Village Allotted | Work in Progress (Schemes) | Component wise Progress | | | | | | Component wise Progress | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Tubewell | | Pump House | | Over Head Tank | | Distribution Network (in Km) | | FHTC | | Solar Panel | |
| | | | | Target | Achieved | Target | Achieved | Target | Achieved | Target | Achieved | Target | FHTC | Target | Achieved |
| 11.06.2025 | 366 | 780 | 311 | 423 | 316 | 423 | 218 | 344 | 95 | 5830 | 4679 | 180013 | 165120 | 256 | 105 |
| 12.08.2025 | 366 | 780 | 316 | 423 | 324 | 423 | 237 | 344 | 115 | 5830 | 4719 | 180013 | 166028 | 256 | 110 |
| **Progress** | - | - | **5** | - | **8** | - | **19** | - | **20** | - | **40** | - | **908** | - | **5** |

(i)- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सूचीबद्ध फर्म द्वारा लक्षित 423 नग नलकूप के सापेक्ष मात्र 324 नग नलकूप का कार्य पूर्ण किया गया है एवं विगत 02 माह में मात्र 08 नग नलकूप का कार्य पूर्ण किया गया है।

(ii)- लक्षित 344 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष **115 नग** निर्माण कार्य पूर्ण एवं **160** शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं विगत 02 माह में 20 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है।

(iii)- लक्षित 5830 किमी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 4719 किमी0 बिछायी जा चुकी है एवं विगत 02 माह में 40 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया गया है।

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

(iv)- लक्षित 180013 नग एफ0एच0टी0सी0 के सापेक्ष **166028 नग** प्रदान किया जा चुका है एवं विगत 02 माह में 908 नग एफ0एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण किया गया है।

(v)- लक्षित 256 नग सोलर पैनल के सापेक्ष **110 नग** पूर्ण किया गया है एवं विगत 02 माह में 05 नग सोलर पैनल का कार्य पूर्ण किया गया है।

(vi)- आवंटित 366 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष **33 नग** पेयजल योजनाओं के समस्त निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है एवं विगत 02 माह में 01 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है।

उपरोक्त प्रगति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा कड़ा रोष व्यक्त किया गया एवं अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को सूचीबद्ध फर्म का माहवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये गये एवं मुख्य विकास अधिकारी को समस्त 366 नग पेयजल योजनाओं की योजनावार समीक्षा करने के निर्देश दिये।

**<u>ब– सूचीबद्ध फर्म मेसर्स पावरमेक के कार्यों की अद्यतन स्थिति निम्नानुसार है –</u>**

| DWSM Meeting Dated | Schemes Allotted | Revenue Villages Allotted | Work in Progress (Schemes) | Component wise Progress | | | | | | Component wise Progress | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Tubewell | | Pump House | | Over Head Tank | | Distribution Network (in Km) | | FHTC | | Solar Panel | |
| | | | | Target | Achieved | Target | Achieved | Target | Achieved | Target | Achieved | Target | FHTC | Target | Achieved |
| 11.06.2025 | 457 | 1014 | 423 | 562 | 494 | 562 | 348 | 455 | 239 | 8552 | 8512 | 220245 | 205864 | 519 | 202 |
| 12.08.2025 | 457 | 1014 | 428 | 562 | 501 | 562 | 353 | 455 | 247 | 8552 | 8517 | 220245 | 208382 | 519 | 207 |
| Progress | - | - | 5 | - | 7 | - | 5 | - | 8 | - | 5 | - | 2518 | - | 5 |

(i)- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सूचीबद्ध फर्म द्वारा लक्षित 562 नग नलकूप के सापेक्ष मात्र 501 नग नलकूप का कार्य पूर्ण किया गया है एवं विगत 02 माह में मात्र 07 नग नलकूप का कार्य पूर्ण किया गया है।

(ii)- लक्षित 455 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष **247 नग** निर्माण कार्य पूर्ण एवं विगत 02 माह में 08 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है।

(iii)- लक्षित 8552 किमी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 8517 किमी0 बिछायी जा चुकी है एवं विगत 02 माह में 05 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया गया है।

(iv)- लक्षित 220245 नग एफ0एच0टी0सी0 के सापेक्ष **208382 नग** प्रदान किया जा चुका है एवं विगत 02 माह में 2518 नग एफ0एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण किया गया है।

(v)- लक्षित 519 नग सोलर पैनल के सापेक्ष **207 नग** पूर्ण किया गया है एवं विगत 02 माह में 05 नग सोलर पैनल का कार्य पूर्ण किया गया है।

(vi)- आवंटित 457 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष **28 नग** पेयजल योजनाओं के समस्त निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है एवं विगत 02 माह में 01 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है।

उपरोक्त प्रगति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा कड़ा रोष व्यक्त किया गया एवं अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को सूचीबद्ध फर्म का माहवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए समीक्षा किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त फर्म की समस्त 457 नग पेयजल योजनाओं की योजनावार समीक्षा करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिये।

**<u>स– उ0प्र0 जल निगम की पुरानी योजनाओं के सम्बन्ध में –</u>**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के अन्तर्गत 186 नग पुरानी योजनाओं स्थापित हैं जिनको पूर्ण क्षमता पर क्रियाशील करने व 10 वर्षों के संचालन एवं रख–रखाव हेतु मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0, अहमदाबाद, हैदराबाद को कार्य आवंटित हुआ है तथा तद्‌ानुसार सम्बन्धित फर्म द्वारा वर्तमान में योजनाओं के संचालन व रख–रखाव के साथ–साथ पूर्ण क्षमता पर क्रियाशील कराये जाने हेतु समस्त 186 नग गयोजनाओं का डी0पी0आर0 तैयार किया जा रहा है।

जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्तानुसार समस्त 186 योजनाओं की योजनावार समीक्षा करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिये गये।

**(कार्यवाही– मुख्य विकास अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)**

Scanned with OKEN Scanner

**बिन्दु संख्या– 3 (जल जीवन मिशन फेज–2 एवं 3 के अन्तर्गत भूमि अनुपलब्धता एवं भूमि विवाद के सम्बन्ध में) –**

| क्रम सं0 | तहसील | भूमि अप्राप्त | भूमि विवाद |
|---|---|---|---|
| 1 | कुण्डा | 1 | 8 |
| 2 | पट्टी | — | 5 |
| 3 | रानीगंज | — | 6 |
| 4 | लालगंज | 5 | 1 |
| 5 | सदर | 3 | 3 |
| **योग –** | | **9** | **23** |

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 09 स्थानों पर भूमि अप्राप्त है एवं 23 स्थानों पर भूमि विवाद के कारण कार्य बाधित है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्न निर्देश निर्गत किये गये –

(i)- ऐसी योजना जहॉ अभी तक भूमि अप्राप्त है, के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया जाय।

(ii)- ऐसी योजना जहॉ पर भूमि विवाद के कारण कार्य अधूरे/बाधित है, के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी/उपजिलाधिकारी को एक सप्ताह के अन्दर भूमि विवाद का निराकरण कराने हेतु पत्र प्रेषित किया जाय।

(iii)- ऐसी योजना जहॉ पर भूमि विवाद है एवं कार्य अनारम्भ है, के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को नई भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया जाय।

**(कार्यवाही– उपजिलाधिकारी/क्षेत्राधिकारी/जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई)**

**बिन्दु संख्या– 4 (जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आई0एस0ए0 एजेन्सीज द्वारा किये गये कार्यों के भुगतान के सम्बन्ध में) –**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा जनपद प्रतापगढ़ हेतु 07 आई0एस0ए0 एजेन्सीज क्रमशः 1– कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान लखनऊ, 2– प्रीती महिला एवं बाल विकास संस्थान बस्ती, 3– प्रदूषण नियंत्रण ऊर्जा विकास समिति प्रयागराज, 4– ग्रामीण विकास शोध संस्थान प्रयागराज, 5– भारतीय महिला ग्रामोद्योग संस्थान प्रयागराज, 6– सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा समिति सुल्तानपुर तथा 7– डा0 भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान अम्बेडकर नगर को प्रचार–प्रसार हेतु सूचीबद्ध किया गया है।

तत्क्रम में आई0एस0ए0 प्रीती महिला एवं बाल विकास संस्थान बस्ती, ग्रामीण विकास शोध संस्थान प्रयागराज, कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान लखनऊ, सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा समिति सुल्तानपुर द्वारा कराये गये कार्यों का बीजक भुगतान हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसका सत्यापन निम्नानुसार किया गया है –

| क्र0 सं0 | आई0एस0ए0 का नाम | क्लस्टर नं0 | सम्मलित ग्राम पंचायत | फेज | सत्यापन की स्थिति | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | डी0पी0एम0यू0 द्वारा सत्यापित | जल निगम के अभियन्ताओं द्वारा सत्यापित | मुख्य विकस अधिकारी द्वारा गठित जिला स्तरीय अधिकारी समिति द्वारा सत्यापित |
| 1 | प्रीती महिला एवं बाल विकास संस्थान | 13, 14, 26 एवं 27 | 154 | द्वितीय | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन पूर्ण |
| 2 | ग्रामीण विकास शोध संस्थान | 28, 29 | 80 | प्रथम | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन पूर्ण |
| | | 15, 16, 28 एवं 29 | 160 | द्वितीय | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन कार्य प्रगति पर |
| 3 | कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान | 19, 20, 21 | 123 | प्रथम | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन पूर्ण |
| | | 1, 2, 3 | 119 | द्वितीय | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन पूर्ण |
| | | 8, 9, 10 | 120 | द्वितीय | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन पूर्ण |
| 4 | सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान | 11, 12 | 82 | प्रथम | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन पूर्ण | सत्यापन पूर्ण |

इस सम्बन्ध में उपरोक्तानुसार बीजकों से सम्बन्धित समस्त पत्रावली पूर्ण करते हुए जिलाधिकारी के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)**

Scanned with OKEN Scanner

**बिन्दु संख्या– 5 (JJM 2.0 पोर्टल पर सरपंच/पंचायत सेक्रेटरी का Login ID Create करने के सम्बन्ध में)–**

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार/राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के उच्चाधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रत्येक जनपद के समस्त सरपंच/पंचायत सचिव का JJM 2.0 पोर्टल पर Login ID क्रियेट किया जाना है जिसके लिये जनपद प्रतापगढ़ हेतु समस्त ग्राम पंचायत के सरपंच/पंचायत सचिव के विवरण यथा नाम, मोबाइल नं0, ई–मेल आई0डी0 की आवश्यकता है।

उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उपरोक्तानुसार वांछित विवरण एक सप्ताह के अन्दर अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– जिला पंचायत राज अधिकारी/जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई)**

**अन्य निर्देश :–**

1– जो योजनायें पूर्ण हो चुकी है उनका स्थलीय सत्यापन कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिये गये।

2– जो योजनायें पूर्ण की जा चुकी है उन्हें 01 माह का अभियान चलाकर हैण्डओवर किया जाय।

3– पाइप लाइन बिछाने के दौरान काटी गई सड़कों को तत्काल गुणवत्तापूर्वक मरम्मत कराया जाय।

अन्त में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समिति की बैठक सम्पन्न की गयी।

Digitally signed by
TAUSEEF AHMAD
Date: 26-08-2025
16:49:36

| | | |
|---|---|---|
| **अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव<br>उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/<br>डी0डब्ल्यू0एस0एम0,<br>प्रतापगढ़।** | **मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,<br>प्रतापगढ़।** | **जिलाधिकारी/अध्यक्ष<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,<br>प्रतापगढ़।** |

# कार्यालय जिलाधिकारी, प्रतापगढ़।

पत्रांक : 3157 / एम 6 / 125 दिनांक : 30/8/2025

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एयं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4– मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
5– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
6– अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, प्रतापगढ़।
7– जिला विकास अधिकारी, प्रतापगढ़।
8– प्रभागीय वनाधिकारी, प्रतापगढ़।
9– जिला मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतापगढ़।
10– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़।
11– अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिसोर्सस/सिंचाई, प्रतापगढ़।
12– अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, प्रतापगढ़।

Scanned with OKEN Scanner

13— जिला कृषि अधिकारी, प्रतापगढ़।

14— जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, प्रतापगढ़।

15— जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रतापगढ़।

16— अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम/रानीगंज/लालगंज/कुण्डा, प्रतापगढ़।

17— अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।

18— जिला समन्वयक, जिला परियोजना निगरानी इकाई, प्रतापगढ़।

19— श्री देवाशीष करमाकर, क्लस्टर हेड, मे0 जे0एम0सी0–एल0सी0ई0सी0पी0एल0 (जेवी), 06 तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हायात होटल के सामने सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई।

20— श्री वेंकटेश, उप महाप्रबन्धक, मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट- भुरथनम कान्स्ट्रक्शन (जेवी), प्लाट नं0– 77, जुबली इन्क्लेव, हाईटेक ऑकेड, मधापुर, हैदराबाद।

21— श्री नीरज झा, उप परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0।

22— समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सीज/आई0ई0सी0 एजेन्सीज, प्रतापगढ़।

Digitally signed by
SHIV SAHAY AWASTHI
Date: 30-08-2025
12:16:14

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**प्रतापगढ़।**

Scanned with OKEN Scanner